आज़ादी का अमृत महोत्सव

पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

पटना–सिकंदराबाद–पटना के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 03 अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली–छठ पूजा त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से पटना–सिकंदराबाद–पटना के मध्य तीन–तीन ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी **पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों** से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस गाड़ी की विस्तृत जानकारी निम्न है।

गाड़ी संख्या 03281 पटना से सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन तीन ट्रिप के लिए प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 27.10.2022 से 10.11.2022 तक पटना स्टेशन से 16:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 01:40 बजे, कटनी 03:35 बजे, जबलपुर 04:55 बजे, पिपरिया 07:05 बजे, इटारसी 08:50 बजे और 23:55 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 03282 सिकंदराबाद से पटना स्पेशल ट्रेन तीन ट्रिप के लिए प्रत्येक शनिवार को दिनांक 29.10.2022 से 12.11.2022 तक सिकंदराबाद स्टेशन से 15:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 05:30 बजे, पिपरिया 06:28 बजे, जबलपुर 08:50 बजे, कटनी 10:15 बजे, सतना 12:25 बजे और तीसरे दिन मध्यरात्रि को 00:30 बजे पटना स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :– इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

रेलगाड़ी के हाल्ट :– रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दानापुर, आरा, बक्सर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपूर कागजनगर, मंचिर्याल, पेद्दपल्ली जंक्शन एवं काजीपेट जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड–19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/440/2022 दिनांक 03.10.2022

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें.

'सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर